पिता की धार्मिक विरासत को पूरी निष्ठा से संभाल रहीं बेटी

तहसील के पीछे चंदा एकत्रित कर बनाया गया था मंदिर, पिता के बाद शबरी की तरह मंदिर की सेवा में लगी बुजुर्ग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर की तहसील के पीछे स्थित एक छोटा-सा मंदिर अपने भीतर वर्षों पुरानी आस्था, पारिवारिक संस्कारों और निस्वार्थ सेवा की अनूठी कहानी समेटे हुए है। कभी जनसहयोग से निर्मित यह मंदिर आज एक बेटी के अपने पिता के प्रति समर्पण और धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की मिसाल बन चुका है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण राम सिंह लोधी ने तहसील परिसर में चंदा एकत्रित कर जनसहयोग से कराया था। मंदिर निर्माण के उपरांत इसकी नियमित पूजा-अर्चना और देखरेख का जिम्मा सेवानिवृत्त पटवारी काशीराम शर्मा ने संभाला। उन्होंने अपना पूरा समय मंदिर की सेवा और भक्ति में समर्पित कर दिया।

एक ही परिसर में विराजित हैं कई देवी-देवता:





भले ही मंदिर का स्वरूप बहुत विशाल न हो, लेकिन यह श्रद्धालुओं के लिए अपार शांति का केंद्र है। परिसर के बाहर भगवान हनुमान जी विराजमान हैं। तो वहीं भीतर भगवान भोलेनाथ अपने पूरे परिवार (माता पार्वती व गणादि) के साथ स्थापित हैं। इसके अलावा समीप ही मां शेरावाली का मंदिर तथा दाईं ओर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी का दरबार स्थित है।

राम सिंह लोधी की पहल, काशीराम शर्मा का समर्पण और अब उमा शर्मा की निरंतर सेवा—इन तीनों पड़ावों ने इस मंदिर को मात्र एक पूजा स्थल न बनाकर भावनात्मक विरासत बना दिया है। यह मंदिर संदेश देता है कि किसी धार्मिक स्थल की असली भव्यता उसके आकार से नहीं, बल्कि उससे जुड़े लोगों की निष्ठा और सेवा भाव से होती है।

पिता के निधन के बाद बेटी उमा शर्मा ने संभाली कमान:

मंदिर से जुड़ी सबसे प्रेरणादायक कड़ी काशीराम शर्मा की बेटी उमा शर्मा 65 वर्ष हैं। कोई भाई न होने के कारण उन्होंने माता-पिता की देखभाल का संकल्प लिया और ग्राम मेनपुरा में विवाह के बाद भी माता-पिता के पास रहकर उनकी सेवा की। माता-पिता के साये के उठ जाने के बाद भी उन्होंने पिता द्वारा शुरू की गई पूजा-अर्चना की परंपरा को टूटने नहीं दिया। आज वे अकेले रहकर पूरी निष्ठा के साथ मंदिर की देखरेख कर रही हैं।



गुम हुए मोबाइलों को उपहार के रूप में मालिकों को लौटाए

पुलिस ने 15 लाख के मोबाइल खोजे

अपने गुम मोबाइल पाकर खुश हुए लोग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। दीपावली के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा की पहल से पुलिस ने आम नागरिकों को एक विशेष उपहार दिया है। जिले की सायबर सेल और समस्त थाना प्रभारियों के संयुक्त प्रयासों से विभिन्न स्थानों पर गुम हुए कुल 123 मोबाइल फोन सर्च कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस लौटाए गए। इन बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख 76 हजार रुपये है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने नागरिकों को उनके गुम हुए मोबाइल सौंपे। त्योहार के मौके पर खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पुलिस अधीक्षक ने सभी मोबाइल स्वामियों को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। वहीं इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली सायबर सेल और थाना टीमों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि गुम मोबाइलों को ट्रेस कर मालिकों तक पहुंचाने का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

हाथी पर सवारी पर है महालक्ष्मी

अशोकनगर। पांच दिवसीय दीपावली का त्यौहार धनतेरस से प्रारंभ हो गया, तो वहीं रविवार को महालक्ष्मी पूजन है। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दीपावली महापर्व को लेकर विशेष धार्मिक अनुष्ठान और आयोजन किए जा रहे हैं। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार कार्तिक माह का प्रत्येक दिन सेवनीय है, जिसमें दीपावली की अमावस्या का विशेष महत्व है जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। इस वर्ष मां महालक्ष्मी का आगमन हाथी की सवारी पर हुआ है, जिसे अत्यंत परम आनंददायक माना गया है। दीपावली के पर्व पर कई दुर्लभ और शुभ योगों का संयोग बना है। जिनमें आयुष्मान योग, बुधादित्य योग, सौभाग्य योग और लुम वक योग।

पूजन का महूर्त: प्रात: काल 09:00 बजे से 12:30 बजे तक लाभ, अमृत एवं अभिजीत मुहूर्त। दोपहर 01:30 बजे से 03:00 बजे तक शुभ घड़ी। शाम 6 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक शुभ, अमृत एवं मेष-वृषभ लग्न।

एक नजर में



खाद्य अधिकारी ने मिठाई दुकानों और कारखानों का निरीक्षण कर लिए नमूने

अशोकनगर। दीपावली एवं त्यौहारों के मद्देनज़र कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार जिले में शुद्ध खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में स्थित मिठाई दुकानों एवं निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। शनिवार को की गई इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र की मिठाई दुकानों तथा विकास स्वीट्स के कारखाने का बारीकी से निरीक्षण किया। गुणवत्ता पर संदेह होने के आधार पर कारखाने से जाम फल बर्फी, अंजीर बर्फी, गुलाब जामुन और फ्रूट केक के नमूने (सैंपल) लिए गए। इसके अलावा बस स्टैंड स्थित जैन रेस्टोरेंट से सादा बर्फी, पेड़ा और चमचम के सैंपल जब्त किए गए।

नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई:

जांच टीम द्वारा दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे किसी भी खाद्य पदार्थ को खुले में रखकर न बेचें और स्वच्छता के नियमों का पालन करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि एकत्र किए गए सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार ट्रक ने घोड़ा-तांगा को मारी टक्कर, घोड़ा हुआ घायल, तांगा क्षतिग्रस्त



मुंगावली। नगर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार शाम एक ट्रक ने घोड़ा-तांगा को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में तांगा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं घोड़े के दाहिने पैर में गंभीर चोट आने से खून निकलने लगा। चोट के कारण घोड़ा चलने में भी असमर्थ हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार घोसी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9, मिडिल स्कूल के पास निवासी महेंद्र पुत्र रामचरण ग्वाल 45 वर्ष ने मुंगावली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। 6 नवंबर को रात करीब 8:45 बजे वह ग्राम ढूंढेर से अपने घोड़ा-तांगा के साथ घर लौट रहा था। इसी दौरान मुंगावली की ओर से आ रहे दस चक्का ट्रक क्रमांक के चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके तांगे में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तांगा क्षतिग्रस्त हो गया और घोड़े के दाहिने पैर में चोट लग गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद अमन ग्वाल, सुरेश ग्वाल और राहुल ग्वाल सहित अन्य लोगों ने घोड़े को संभाला और क्षतिग्रस्त तांगे को सड़क से हटाकर एक तरफ किया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खाद की कालाबाजारी की शिकायत के बाद प्रशासन की कार्रवाई,दुकान सील, 32 बोरी डीएपी जब्त

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में उर्वरकों के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर साकेत मालवीय के स्पष्ट निर्देशों के तहत प्रशासन ने अवैध खाद विक्रय के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। शहर के महात्मा बाड़ा रोड स्थित एक कंप्यूटर सेंटर पर अवैध खाद बेचे जाने की गुप्त शिकायत मिलने पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया।

प्राप्त शिकायतों के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इसरार खान, नायब तहसीलदार व कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा एसएडीओ कृषि के संयुक्त प्रशासनिक दल ने तुरंत एक्शन लिया। टीम ने ऑनलाइन शिव कंप्यूटर सेंटर के संचालक विजय रघुवंशी के ग्राम आमाही स्थित निजी निवास व परिसर का औचक निरीक्षण किया। सघन जांच के दौरान मौके से 32 बोरी डीएपी खाद का अवैध स्टॉक भारी मात्रा में बरामद किया गया। प्रशासनिक दल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस अवैध रूप से भंडारित डीएपी खाद को पूरी तरह जब्त कर लिया और संबंधित ऑनलाइन शिव कंप्यूटर सेंटर की दुकान को सील कर दिया।



लाइसेंस किया निलंबित, आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की तैयारी:

प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसानों को समय पर और सही दाम पर खाद उपलब्ध कराने के लिए कालाबाजारियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जब्त सामग्री के मामले में अब संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, आरोपी संचालक के विरुद्ध सख्त आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की वैधानिक कार्रवाई भी तेजी से जारी है।

इंसानियत ही मजहब : बेसहारा हिंदू युवक की मौत के बाद मुस्लिम-ईसाई पड़ोसियों ने किया अंतिम संस्कार

15 दिन पहले चंदा जुटाकर भेजा था ईलाज के लिए

टीबी की बीमारी के बाद तोड़ा दम

नवभारत न्यूज

बहादुरपुर। कस्बे के मस्जिद मोहल्ले में बीते शुक्रवार रात एक युवक की टीबी की बीमारी से मौत हो गई। जिसके बाद इस मोहल्ले से धर्म की दीवारों को गिराता हुआ इंसानियत का एक उदाहरण सामने आया।

दरअसल मस्जिद के पास एक मोहल्ला है, इस मोहल्ले में केवल एक हिंदू एवं एक ईसाई का घर है, शेष परिवार मुस्लिमों के हैं। इसी मोहल्ले में निवासरत हिंदू परिवार के एकमात्र पुरुष सदस्य भरत अहिरवार उम्र 37 वर्ष की शुक्रवार रात लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई थी। यह युवक मुंगावली के निकट किसी गांव का मूल निवासी था, जो आठ-दस बरस पहले अपनी मां, पत्नी एवं तीन अबोध बच्चों के साथ बहादुरपुर आ गया था। यहां युवक ईंट-भट्ठों पर मजदूरी करता था तो उसकी मां हाट बाजारों में खिलौने बेचती थी। तंबाकू का सेवन करने के बाद युवक को टीबी हुई, परिजन झाड़फूंक कराते रहे। करीब पंद्रह दिन पहले जब उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई तो मोहल्ले के अब्दुल समद खान, परवेज, फरहान, फहीम, गुल्ला खान, दाउद, असद, रेहान, ताहिर, शोएब, शाहनाबाज, कादर पठान, अरविंद मिंज, प्रफुल्ल मिंज आदि ने स्वंय के स्तर से राशि एकत्रित की और कुछ चंदा बाजार से कर युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। जहां से कुछ दिन पहले युवक वापिस आ गया था। अंतत: शुक्रवार को उसकी मौत हो गई, जिसके बाद इन्ही पड़ौसियों ने युवक के अंतिम संस्कार एवं परिवार के भोजन की व्यवस्था की।



कंडे-लकड़ी इकट्ठे किए, किया कफन का इंतजाम:

युवक दाउद खान ने बताया कि रात में युवक की मौत के बाद ही मोहल्ले के सभी लोगों ने बैठकर तय किया था कि शोकाकुल परिवार की पूरी मदद करेंगे। इसके बाद सुबह होते ही आसपास के सभी घरों से कंडे-लकड़ी एकत्रित किए गए, जिन्हे ग्राम पंचायत की मदद से मुक्तिधाम पहुंचाया। इसके बाद संदेश दीक्षित के साथ मुस्लिम युवक गांव के अहिरवार परिवारों के पास गए और उन्हे अंतिम संस्कार में सहयोग करने के लिए बुलाया। इस तरह से बेसहारा युवक को सम्मानजनक ठंग से अंतिम यात्रा नसीब हो सकी।

आदिवासी बस्तियों में मनाई गई दीपावली

आनंदम उत्सव के अंतर्गत सीएचसी शाढ़ौरा की पहल

पूर्व विधायक जजपाल जज्जी ने बांटे दिये

नवभारत न्यूज

शाढौरा। दीपावली के पावन पर्व पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा परिवार द्वारा मानवता, सेवा और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। आनंदम उत्सव के अंतर्गत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.जयकृत सिंह राजपूत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विकासखंड शाढौरा के ग्राम सेजी एवं गांधीनगर की आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने आदिवासी परिवारों एवं जरूरतमंद लोगों को उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ खुशियाँ बाँटते हुए सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद परिवारों तक त्योहार की खुशियाँ पहुँचाना तथा उन्हें यह एहसास कराना था कि समाज उनके साथ खड़ा है। डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने कहा कि दीपावली केवल अपने घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों का प्रकाश फैलाने का भी अवसर है। जब हम किसी जरूरतमंद परिवार के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तभी दीपावली का वास्तविक आनंद प्राप्त होता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी परिवार त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का दायित्व केवल लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़कर मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करना भी है।



इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी, जिला महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, शिव प्रताप रघुवंशी, देवेंद्र रघुवंशी, धर्मवीर रघुवंशी, सोनू जैन, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक महोर सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत, डॉ. सौरभ शर्मा, चेतन रघुवंशी, सीएचओ ज्योति खेक्स, एएनएम सुमन धाकड़, बीसीएम संजीव रघुवंशी, मंडल रघुवंशी सहित सीएचसी शाढौरा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन

दिवाली से एक पहले कलेक्टर पहुंचे कृषि मंडी

मंडी में किसानों, व्यापारियों व हम्मालों को भेंट किए उपहार

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। हर घर दीपावली अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा समाज के हर वर्ग के साथ त्योहार की खुशियां साझा करने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर साकेत मालवीय शनिवार नवीन कृषि उपज मंडी पहुंचे। जहां उन्होंने मंडी परिसर में मौजूद किसानों, व्यापारियों, हम्मालों तथा सुरक्षा गार्डों से आत्मीय मुलाकात की, उन्हें उपहार भेंट किए और दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर कलेक्टर श्री मालवीय ने कहा कि दीपावली खुशियों, उल्लास और सामाजिक समरसता का पर्व है। हर घर दीपावली अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस उत्सव से जोड़ना और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाना है। उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं में योगदान देने वाले सभी श्रमिकों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान एसडीएम इसरार खान, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष जगराम सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी, हम्माल एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे।

मंडी के सुचारू संचालन हेतु आपसी समन्वय पर दिय जोर:

किसानों, व्यापारियों और हम्मालों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कृषि उपज मंडी सभी के लिए आजीविका का प्रमुख केंद्र है। इसका सफल संचालन सभी पक्षों के सहयोग और बेहतर तालमेल पर निर्भर करता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पक्ष आपस में बेहतर समन्वय बनाए रखें। मंडी की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखा जाए। किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मुनिश्री के सानिध्य में समर्पित होगा निर्वाण लाडू

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। अहिंसा के महान उद्घोषक भगवान महावीर स्वामी का 2553वां निर्वाण कल्याणक महा महोत्सव 9 नवंबर को दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में सुभाषगंज मैदान में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में संपन्न होगा।

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ प्रात: 7:30 बजे मंगलाष्टक और महाशांतिधारा के साथ होगा। जिसमे भगवान महावीर स्वामी की महापूजन के उपरांत सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू समर्पित किया जाएगा। वहीं चातुर्मास कलशों का निष्ठापन मुनिश्री के श्रीमुख से होगा। जिसके बाद भक्त गाजे-बाजे के साथ कलशों को अपने घर ले जाकर दीपावली की पूजा कर सकेंगे। इससे पूर्व सुभाषगंज मंदिर में जगत कल्याण की कामना हेतु महाशांतिधारा एवं श्री भक्तांबर मंडल विधान का आयोजन हुआ।



विश्व शांति के लिए भगवान महावीर के सिद्धांत आवश्यक : मुनिश्री

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि आज जब दुनिया युद्ध की ओर बढ़ रही है, तब भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों की महती आवश्यकता है। विश्व शांति का एकमात्र मार्ग महावीर स्वामी के बताए रास्ते पर चलना है, जिस पर आज पूरे विश्व को अमल करने की जरूरत है।